# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साई आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com

पत्र संख्याः 3442 / M-16 / 139 दिनांकः 16 /05 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

**विषयः— दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " सकरार गांव में जल जीवन मिशन अधूराः पाइप लाइन में टोटियां गायब, ग्रामीण पानी को तरस रहे " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " **सकरार गांव में जल जीवन मिशन अधूराः पाइप लाइन में टोटियां गायब, ग्रामीण पानी को तरस रहे** " शीर्षक से दिनांक 16.05.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत रामकोट पाइप पेयजल योजना से सम्बिन्धत है।

विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत रामकोट पाइप पेयजल योजना का संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स वी0टी0एल0 लि0 द्वारा कराया जाना है। वर्तमान में योजना अन्तर्गत आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है। प्रश्नगत खबर ग्राम सकरार में जलापूर्ति हेतु कुछ पाइप लाइन डालना व गृह नल संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। उक्त कार्यो को करने हेतु प्राक्कलन एवं विरचन कर सक्षम स्तर से अनुमति हेतु प्रेषित हो चुका है। अनुमति प्राप्त होते ही अवशेष कार्य को पूर्ण कराकर समस्त योजना में सुचारू रूप से जलापूर्ति की जायेगी एवं योजना को पूर्ण रूप से क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक— उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1— मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।

2— जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।

3— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

4— मे0 वी0टी0एल0 लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजनान्तर्गत समस्त कार्यों को ससमय पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

UPJNR News Cutting 2026 S. Saini

Scanned with OKEN Scanner

















Scanned with OKEN Scanner